### राज्य शासन को जवाब पेश करने दिया छह सप्ताह का समय

# स्कूलों के रजिस्टर्ड किराया नामा की शर्त पर रोक

जबलपुर ।

मप्र हाईकोर्ट ने एक अंतरिम आदेश के जरिए स्कूलों के रजिस्टर्ड किरायानामा की शर्त पर रोक लगा दी। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने राज्य शासन को जवाब प्रस्तुत करने छह सप्ताह का समय दिया।

2009 के निश्शुल्क शिक्षा अधिकार अधिनियम के अंतर्गत 2011 में मप्र में यह अधिनियम लागू किया गया। तब रजिस्टर्ड किराया नामा व सुरक्षा निधि और प्रत्येक वर्ष का मान्यता शुल्क ऐसे कोई भी नियम निर्धारित नहीं किए गए थे। 20 से 25 वर्षों से संचालित स्कूल रजिस्टर्ड किरायानामा के कारण स्थाई रूप से बंद होने की कगार पर आ गए थे। 30 से 40 प्रतिशत स्कूल संचालकों ने नोटरी कृत किरायानामा लगाकर आवेदन किया जिनकी मान्यता निरस्त हो रही हैं। नए नियमों से लगभग सात से आठ हजार स्कूलों के बंद होने की संभावना है। जिनमें कार्यरत शिक्षक शिक्षिका व कर्मचारी बेरोजगार हो सकते हैं। निश्शुल्क शिक्षा अधिकार अधिनियम में पढ़ने वाले बच्चे शिक्षा से वंचित हो सकते हैं।



उक्त सभी समस्याओं को मप्र प्राईवेट स्कूल वेलफेयर संचालक मंच के प्रदेश अध्यक्ष शैलेष तिवारी, प्रदेश उपाध्यक्ष आनंद भागवत, प्रदेश सचिव अरविंद मिश्रा, सहसचिव अनुराग भार्गव, कोषाध्यक्ष मोनू तोमर, सलाहकार विकास अवस्थी, जबलपुर की ओर से चुनौती दी गई। याचिकाकर्ताओं का पक्ष अधिवक्ता स्मिता वर्मा अरोरा ने रखा। उन्होंने निजी स्कूलों की समस्या हाई कोर्ट के समक्ष रखी। जिस पर गौर करने के बाद हाई कोर्ट ने सात मई, 2025 तक छह जनवरी, 2023 के राजपत्र अधिसूचना को स्थगित रखे जाने की अंतरिम व्यवस्था दे दी।

## 270 किलो प्रतिघन्टे की रफ्तार से 72 दिनों में जलेगा यूका का जहरीला कचरा

**-राज्य सरकार की ओर से हाईकोर्ट को बताया गया, कोर्ट ने जलाकर रिपोर्ट पेश करने के दिये निर्देश**

जबलपुर। राज्य सरकार ने पीथमपुर में यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे के हो रहे निस्तारण के मामले में गुरुवार को हाईकोर्ट के समक्ष अपनी स्टेटस रिपोर्ट सौंप दी। सरकार की ओर से बताया गया कि पीथमपुर में ट्रायल रन पूरी तरह से सफल रहा है। वर्तमान में तकरीबन 270 किलो प्रति घंटे की दर से कचरा जलाया जा रहा है। इसकी रिपोर्ट भी पूरी तरह से सफल रही है। सरकार की ओर से यह भी बताया गया कि इस गति से कचरा जलाया जाता है तो आगामी 72 दिनों में पूरा कचरा जल दिया जाएगा। रिपोर्ट के अवलोकन के बाद चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेमच ने राज्य सरकार को 72 दिनों में जहरीला कचरा जलाकर रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत करने के आदेश दिए।कोर्ट ने सरकार को यह भी निर्देश दिए कि इस पूरे मामले में नियमों का पूरी तरह से पालन हो और किसी भी तरह की लापरवाही न बरती जाए। साथ ही वहां के स्थानीय निवासियों को किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। हाई कोर्ट ने सुनवाई के दौरान यह भी कहा कि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की निगरानी में यह पूरा कचरा जलाना चाहिए। वरिष्ठ अधिवक्ता नमन नागरथ ने बताया कि इस मामले में कुछ लोग सुप्रीम कोर्ट भी गए थे। सुप्रीम कोर्ट ने उनकी याचिकाओं पर कहा है कि हाईकोर्ट के निर्देश पर गठित की गई समिति की देखरेख में कचरे का निस्तारण किया जा रहा है। इस समिति में नीरी सहित कई विशेषज्ञ संस्थाएं शामिल है। इसलिए निस्तारण प्रक्रिया को गलत नही कहा जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने उक्त सभी याचिकाकर्ताओं को कहा कि वे अपने सुझाव सरकार को दें। सरकार इन पर विचार करने के लिए स्वतंत्र होगी।

## नगर निगम की विशेष बजट बैठक आज

जबलपुर। नगर निगम जबलपुर की विशेष बजट बैठक आज शुक्रवार को पंडित भवानी प्रसाद तिवारी सभागृह में नगर निगम अध्यक्ष श्री रिंकुज विज की अध्यक्षता में किया जायेगा। इस संबंध में निगम अध्यक्ष रिंकुंज विज के द्वारा जानकारी दी गई की इस महत्वपूर्ण बैठक में नगर निगम के विभिन्न विभागों वित्तीय योजनाओं, विकास कार्यों और आगामी परियोजनाओं पर चर्चा की जाना है। यह बजट शहर के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुये तैयार किया गया है, जिससे जबलपुर नगर के नागरिकों को सुविधाओं का अधिक लाभ मिल सके।

## हाईवा की टक्कर से कार क्षतिग्रस्त, बाल-बाल बचा परिवार

जबलपुर। माढ़ोताल थाना अतंर्गत एमएम इंटर नेशनल स्कूल के आगे नागपुर हाईवे रोड पर एक हाईवा ने एक कार को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे कार के आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया वहीं कार में बैठे लोग बाल बाल बच गए। थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार नंदन बिहार त्रिमूर्ति नगर गोहलपुर निवासी 41 वर्षीय व्यापारी जितेंद्र कुमार नायक गत दिवस अपनी कार क्रमांक एमपी 20 सीएच 0588 से अपनी पत्नी वंदना नायक, साला सचिन जैन एवं बच्चों के साथ जबलपुर से नागपुर इलाज कराने जा रहा था जैसे ही सुबह लगभग 8.30 बजे एमएम इंटर नेशनल स्कूल के आगे नागपुर हाईवे रोड पर पहुँचा, तभी पीछे से आ रहे हाईवा क्रमांक एमपी 20 जेड एस 5803 के चालक ने तेज गति से चलाते हुये उसकी कार में टक्कर मार दी, जिससे उसकी कार के आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और कार में बैठे पति पत्नी, साला और बच्चे बाल बाल बच गए।



# भेड़ाघाट चौराहे के पास दुर्गा मंदिर में चोरी

**चोर सीसीटीव्ही कैमरे में कैद**

जबलपुर। नवरात्र शुरु होने के ठीक पहले भेड़ाघाट थाना अंतर्गत रेलवे स्टेशन मार्ग भेड़ाघाट चौराहा स्थित एक प्रतिष्ठित दुर्गा मंदिर में चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। चोरी की घटना के बाद मंदिर समिति और आक्रोशित स्थानीय लोग भेड़ाघाट थाना पहुंचे, जहां उन्होंने पुलिस से आरोपी को पकड़ने और मंदिर की सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है।भेड़ाघाट से प्राप्त जानकारी के अनुसार रात के लगभग 2 बजे अज्ञात चोरों ने मंदिर के मुख्य द्वार का ताला तोड़कर दान पेटी को चुरा लिये। दान पेटी को चैन से बांधकर रखा गया था और उसमें अनुमानित 15 से 20 हजार रुपये होने का अनुमान है। चोरी का पता तब चला जब सुबह मंदिर पहुंचे पुजारी ने देखा कि मंदिर का ताला टूटा हुआ था और दान पेटी गायब थी। पुजारी ने तुरंत मंदिर समिति को इस घटना की जानकारी दी। मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई।

### सीसीटीवी फुटेज में चोर का चेहरा स्पष्ट

मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरु कर दी है। बताया जा रहा है कि मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों में चोर की तस्वीर कैद हो गई है। फुटेज में चोर का चेहरा साफ तौर पर दिखाई दे रहा है। वह नीले रंग की पैंट पहने हुए था और उपरी हिस्से पर कोई कपड़ा नहीं था। उसके हाथ में दान पेटी भी दिखाई दे रही थी। पुलिस का मानना है कि चोर की उम्र लगभग 45 वर्ष के आसपास हो सकती है।

### स्थानीय लोगों में आक्रोश

चोरी की घटना के बाद से स्थानीय लोगों में काफी आक्रोश है। उनका कहना है कि क्षेत्र में पुलिस की गश्त प्रभावी नहीं होने के कारण चोरियों का सिलसिला बढ़ गया है। पिछले तीन महीनों में कई दुकानों और घरों के ताले टूट चुके हैं और वाहन चोरी की घटनाएं भी बढ़ी हैं। लोग यह भी मानते हैं कि अगर पुलिस की गश्त मजबूत होती तो इस तरह की घटना को रोका जा सकता था।

## नवीन शैक्षिक सत्र की तैयारी को लेकर प्राथमिक व माध्यमिक शिक्षकों की बैठक

जबलपुर। जबलपुर में आगामी शैक्षिक सत्र की तैयारी को लेकर एक बैठक का आयोजन पंडित लज्जा शंकर झा उत्कृष्ट शासकीय उच्चतर माध्यमिक मॉडल स्कूल में किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी श्री घनश्याम सोनी ने की, जिसमें प्रमुख रूप से संयुक्त संचालक लोक शिक्षण श्री प्राचीश जैन, जिला परियोजना समन्वयक श्री योगेश शर्मा, बीआरसी, बीएसी, जनशिक्षक, और शिक्षक उपस्थित रहे।बैठक में शिक्षकों को 1 अप्रैल को आयोजित होने वाले प्रवेशोत्सव कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में निर्देश दिए गए। श्री सोनी ने कहा कि यह कार्यक्रम पूरे उत्साह और जोश के साथ मनाया जाए, और सभी शिक्षक यह सुनिश्चित करें कि छात्रों की शत-प्रतिशत उपस्थिति हो। साथ ही, कक्षा में नामांकन बढ़ाने और स्कूल छोड़ने वाले बच्चों को पुनः प्रवेश दिलाने के लिए अभिभावकों से संपर्क स्थापित करने का आग्रह किया गया। शिक्षक, छात्रों और उनके अभिभावकों को सम्मानित भी करेंगे जिन्होंने विद्यालय में उपस्थिति को बढ़ाया है।डीईओ ने कहा कि सभी शिक्षक पाठ्यक्रम के अनुसार योजनाबद्ध डेली डायरी अनिवार्य रूप से बनाएं और इसे अध्यापन के दौरान अपने पास रखें। इसके अलावा, प्रत्येक विद्यार्थी का पोर्टफोलियो रिकॉर्ड शिक्षक के पास होना चाहिए, जिसमें छात्रों की अकादमिक जानकारी, स्तर, ग्रेड, पिछले कक्षा का अध्यापन स्तर, छात्रवृत्ति, आधार कार्ड और अन्य जरूरी जानकारियां होनी चाहिए।श्री सोनी ने सभी स्कूलों में समय सारणी के पालन को सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देशित किया और कहा कि निरीक्षण के दौरान प्रत्येक विद्यालय में समय सारणी के अनुसार ही शिक्षक पढ़ाते हुए दिखाई दें। उन्होंने आगामी निरीक्षण में प्राथमिक विद्यालयों पर विशेष ध्यान देने की बात की और अप्रैल महीने के निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार अध्यापन को अनिवार्य रूप से कराने की अपील की।शैक्षिक कैलेंडर के तहत 1 अप्रैल को प्रवेश उत्सव, 2 अप्रैल को भविष्य से भेंट कार्यक्रम, 3 अप्रैल को सांस्कृतिक और खेलकूद गतिविधियां, और 4 अप्रैल को हार के बाद जीत से प्रेरित करने के लिए शाला प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। इन गतिविधियों के माध्यम से छात्रों को शिक्षा के प्रति प्रेरित किया जाएगा और कमजोर छात्रों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया जाएगा।बैठक में एपीसी मोनिका लकड़ा, राजेश तिवारी, प्रोग्रामर पारुल राय, बीआरसी डीसी अहिरवार और बीएसी अजय रजक भी उपस्थित थे।

## टेक्टर बेचने के नाम पर फेसबुक से धोखाधड़ी

जबलपुर। सोशल मीडिया के जरिए ठगी की एक और वारदात सामने आई है। टेक्टर का विज्ञापन देकर औद्योगिक संस्थान के मजदूर को कथित आर्मी कर्मचारी ने अपना ट्रांसफर जम्मू कश्मीर में हो जाने का झांसा देकर टेक्टर बेचने की बात कही और मजदूर से विभिन्न खाते में 1 लाख 80 हजार रुपए डलवाए और टेक्टर नहीं दिया। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया। रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार मड़ई रांझी निवासी 30 वर्षीय रिछाई औद्योगिक संस्थान में मजदूरी करने वाले वीरेंद्र कुमार चक्रवर्ती को टेक्टर खरीदना था। वह 27 जून 2024 को फेसबुक देख रहा था, तभी उसकी फेसबुक पर टेक्टर का विज्ञापन आया। उसने अपना मोबाइल नंबर कमेंट बॉक्स पर लिख दिया उसके बाद फोन करके ठग ने उसे बताया कि वह आर्मी में काम करता है और उसका ट्रांसफर जम्मू कश्मीर में हो गया। उसके पास एक टेक्टर है जिसे वह 1 लाख 80 हजार में बेच रहा है। ठग की बातों में आकर वीरेंद्र ने उसकी एकाउंट में 5 हजार रुपये भेज दिये, जिसका बैंक खाता एक्सिस बैंक का है फिर वह एमपी आनलाइन से इसी नंबर से 15 हजार रुपये भिजवाया, धोखाधड़ी करने वाले व्यक्ति किसी वाहिद नाम के व्यक्ति के केनरा बैंक के खाता धारक विभिन्न तारीखों पर अलग अलग खाते में 1 लाख 80 हजार रुपए डलवाए।

# किसानों से तीन केंद्रों पर होगा चना मसूर और सरसों का उपार्जन

जबलपुर। किसानों से समर्थन मूल्य पर चना, मसूर एवं सरसों का उपार्जन के लिये जिले में तीन खरीदी केंद्र स्थापित किये गये हैं। जिला उपार्जन समिति के निर्णय के मुताबिक स्थापित किये जा रहे तीनों खरीदी केंद्र गोदाम स्तर पर स्थापित किये गये हैं। इन खरीदी केंद्रों पर पंजीकृत किसानों से 31 मई तक चना, मसूर और सरसों का उपार्जन किया जायेगा। राज्य शासन के निर्देशानुसार जबलपुर जिले में किसानों से समर्थन मूल्य पर चना, मसूर एवं सरसों का उपार्जन 25 मार्च से 31 मई की अवधि के दौरान किया जायेगा। कलेक्टर दीपक सक्सेना ने तीनों खरीदी केंद्रों पर किसानों की सुविधा के लिहाज से तीनों खरीदी केंद्रों पर एक-एक नोडल अधिकारी को नियुक्त किया है। उन्होंने एक आदेश जारी कर प्रत्येक खरीदी केंद्र पर हाई स्पीड इंटरनेट कनेक्शन, विद्युत व्यवस्था, कम्प्यूटर, प्रिंटर, यूपीएस तथा तौल-कांटा छन्ना सहित सभी उपार्जन उपकरण, हम्माल एवं तुलावटी तथा दरी, टेबल, कुर्सी, बैठने के लिये छायादार स्थान, पेयजल, शौचालय जैसी सभी जरूरी व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये हैं। श्री सक्सेना ने उपार्जन केंद्रों पर धर्म-कांटा की व्यवस्था तथा उपार्जन केंद्रों पर वाहनों को खड़ा करने के लिये पर्याप्त खुला स्थान एवं सुगम पहुँच मार्ग सुनिश्चित करने की हिदायत अधिकारियों को दी है। जिला उपार्जन समिति द्वारा रबी वर्ष 2024-25 में किसानों से चना, मसूर और सरसों के उपार्जन के लिये जिले में गोदाम स्तर पर तीन खरीदी केन्द्र स्थापित करने का निर्णय लिया है। ये केंद्र जबलपुर तहसील में कृषि उपज मंडी स्थित राज्य भंडार गृह निगम के गोदाम क्रमांक-2, शहपुरा तहसील में न्यू काकुल वेयर हाउस गोदाम क्रमांक-37 तथा मझौली तहसील में भगवती वेयर हाउस गोदाम क्रमांक-92 में स्थापित किये गये हैं। कलेक्टर दीपक सक्सेना द्वारा जारी आदेश के अनुसार इन खरीदी केंद्रों पर नियत उपार्जन एजेंसी द्वारा सप्ताह में पाँच दिन (सोमवार से शुक्रवार) सुबह 8 बजे से शाम 8 बजे तक उपार्जन का कार्य किया जायेगा तथा कृषक तौल पर्ची शाम 6 बजे तक जारी की जायेगी, ताकि दिन के उजाले में ही गुणवत्ता परीक्षण किया जाकर अंतिम कृषक की तौल शाम 8 बजे तक पूरी की जा सके। खरीदी केंद्रों पर शनिवार और रविवार को प्रति सप्ताह उपार्जन केंद्र पर शेष स्कंध का परिवहन, कृषकों से तौल किये गये स्कंध का उपार्जन केंद्र पर सुरक्षित भंडारण, लेखा मिलान तथा अस्वीकृत स्कंध का अपग्रेडेशन कार्य किया जाकर निराकरण किया जायेगा।

## डेयरी साइंस कॉलेज स्थापना के लिए टालमटोली कर रही

जबलपुर। वेटरनरी यूनिवर्सिटी ने जबलपुर में नए डेयरी साइंस एवं टेक्नालॉजी कॉलेज की स्थापना हेतु 64.43 करोड़ का वित्तीय अनुमान दो वर्ष पहले ही वर्ष 2023 में शासन को प्रस्तुत कर दिया था। तदानुसार वेटरनरी यूनिवर्सिटी के कुलसचिव ने पत्र क्रमांक 852-853/2023 दिनांक 12 अप्रैल 2023 तथा पत्र क्रमांक 18118-1819/2023 दिनांक 28 जुलाई 2023 को संचालक पशुपालन डेयरी विभाग को पत्र भी भेजे थे। लेकिन इसके बावजूद भी विधायक लखन घनघोरिया ने जब विधानसभा में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव रखा था उसके जवाब में पशुपालन मंत्री लखन पटेल ने 22 मार्च को विधानसभा में बताया कि वेटरनरी यूनिवर्सिटी को तर्कसंगत उचित वित्तीय अनुमान प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है, यह एस्टीमेट प्राप्त होने पर ही उक्त कोर्स प्रारंभ करने का निर्णय लिया जाएगा।

# लक्ष्य पूरा करने 4 दिन में वसूलने होंगे 40 करोड़

## नगर निगम ने अब तक 90 करोड़ टैक्स वसूला

जबलपुर। चालू वित्तीय वर्ष के 4 दिन शेष है. इस वित्तीय वर्ष के लिये निगम प्रशासन को 140 करोड़ रुपए का संपत्तिकर वसूलने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, लेकिन इसे पूरा करना अब थोड़ा मुश्किल नजर आ रहा है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए बचे हुए 4 दिनों में 40 करोड़ रुपए की संपत्तिकर वसूली करनी होगी। अगर पिछले आंकड़ों की बात करें, तो अब तक कुल 90 करोड़ रुपए संपत्तिकर वसूला जा चुका है।



### संयुक्त प्रयास जारी

निगमायुक्त प्रीति यादव द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत, अधिकारियों को बकायादारों से निरंतर संपर्क बनाने और चालू वित्तीय वर्ष के करदाताओं से भी जुड़ने के लिए कहा गया है। खासकर बड़े बकायादारों से पुनः संपर्क करने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, ताकि टारगेट के करीब पहुंचने के लिए इनसे वसूली की जा सके।

### सक्रियता का असर

राजस्व विभाग की वसूली के प्रयासों का असर देखा जा रहा है, क्योंकि अब बड़ी संख्या में करदाता कैश काउंटर्स तक पहुंच रहे हैं। विशेष रूप से संभाग क्रमांक 15 में, करदाताओं की इतनी अधिक भीड़ देखी गई कि संभागीय अधिकारी संतोष अग्रवाल को खुद कैश काउंटर पर बैठकर वसूली का मोर्चा संभालना पड़ा। पहले यहां दो काउंटर थे, लेकिन भीड़ के बढ़ने पर तीन काउंटर कर दिए गए हैं।

### 90 वसूले 40 करोड़ बाकी

नगर निगम के उपायुक्त (राजस्व) पीएन सनखेरे ने बताया कि, "हमारा लक्ष्य 140 करोड़ रुपए का है और अब तक 90 करोड़ रुपए वसूले जा चुके हैं। अब शेष 40 करोड़ की वसूली के लिए पूरी योजना के साथ काम किया जा रहा है। बकायादारों को ऑनलाइन भुगतान पर अधिभार में छूट भी दी जा रही है, ताकि अधिक से अधिक करदाता अपने बकाए को चुकता कर सकें।"

## जनहित के मुद्दे विधानसभा में उठाए

जबलपुर। उत्तर मध्य के विधायक अभिलाष पांडे ने हाल ही में संपन्न हुए मध्यप्रदेश सरकार के बजट सत्र में उन्होंने जबलपुर से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों को सदन में उठाया, जिस पर सरकार ने संज्ञान भी लिया है। उन्होंने बताया कि नगर निगम की लीज को भूमि को फ्री होल्ड करने, खाद्य पदार्थों में मिलावट सहित अन्य मुद्दों को उठाया। श्री पांडे यहां अपने कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने बताया कि प्रश्नों के संदर्भ में विधानसभा में नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने सदन में जवाब देते हुए कहा कि इन विषयों पर शीघ्र से निर्णय लेने के निर्देश नगर निगमों को जारी किए गए हैं और टैक्स को एक निश्चित गाइडलाइन के साथ वसूलने के लिए भी सभी निगमों को नियमों को बनाने के लिए कहा गया है। इसके अलावा स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने खाद्य गुणवत्ता की जांच और मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी जारी किए है। इसके अलावा खेलनीति, उच्च शिक्षा, ग्रामीण विकास और श्रम से जुड़े विषयों पर भी ध्यान आकर्षण कराया ।

### अवैध मदिरा परिवहन की सूचना पर टीम ने दबिश दी

# कार्यवाही में 42 हजार रूपये की मदिरा जब्त



## 1.35 लाख की शराब पकड़ाई

आबकारी पुलिस ने कोतवाली अंतर्गत बलदेव बाग के पास परिवहन कर ले जायी जा रही एक लाख 35 हजार रूपए की शराब पकड़ी है। सहायक आबकारी आयुक्त जबलपुर संजीव दुबे ने बताया कि आबकारी नियंत्रण कक्ष प्रभारी परमानंद कोरचे के नेतृत्व में थाना कोतवाली अंतर्गत बलदेव बाग के पास मदिरा के अवैध परिवहन की सूचना पर दबिश दी गई एवं मौके से 138.21 बल्क लीटर विदेशी मदिरा (रम) बरामद हुई जिस पर म. प्र. आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। जब्त शराब लगभग 135060 रूपए की है। बताया जाता है कि शराब पूर्व विधानसभा क्षेत्र के एक बड़े कारोबारी है। कार्यवाही के बाद हडकंप मच गया है। बड़े शराब कारोबारी पर हुई आबकारी की कार्रवाई के बाद शराब व्यापारियों से लेकर तस्करों में खलबली बच गई है।

जबलपुर। कलेक्टर दीपक सक्सेना के निर्देशन में अवैध मदिरा निर्माण, विक्रय, संग्रहण और परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए सहायक आबकारी आयुक्त संजीव दुबे और आबकारी नियंत्रण कक्ष प्रभारी परमानंद कोरचे के नेतृत्व में बड़ी कार्यवाही की गई।

ओमती थाना क्षेत्र के मढ़ाताल के पास अवैध मदिरा परिवहन की सूचना पर टीम ने दबिश दी और मौके से 116.35 बल्क लीटर विदेशी मदिरा बियर बरामद की। इस मदिरा पर म. प्र. आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क) एवं 34(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

जप्त मदिरा का कुल मूल्य लगभग 42,260 रुपये है, जबकि जप्त वाहन का मूल्य लगभग 3 लाख रुपये आंका गया है। इस कार्यवाही के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक श्री रवीन्द्र जैन, श्री आशीष जैन, सोनाली गुप्ता, आबकारी मुख्य आरक्षक और अन्य आरक्षक भी मौजूद थे। यह कार्यवाही जिले में अवैध मदिरा के कारोबार पर कड़ी नजर रखने और उसे रोकने के लिए की गई है।

## जबलपुर बालिका हॉकी टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया

जबलपुर। अस्मिता हॉकी प्रतियोगिता बालिका वर्ग 2025-26 हॉकी इंडिया के तत्वावधान में बालिका वर्ग की हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन दमोह में हुआ, जिसमें जबलपुर सहित हर जिले की टीमों ने भाग लिया। 19 मार्च से 25 मार्च तक चली प्रतियोगिता में ग्वालियर, दमोह, बैतूल, गुना, सिवनी, मंदसौर, उमरिया ने प्रतिभागिता की। जबलपुर और ग्वालियर के बीच फाइनल मैच खेला गया, जिसमें ग्वालियर ने जबलपुर को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया और जबलपुर को द्वितीय स्थान से संतोष करना पड़ा। इस अवसर पर हॉकी मध्यप्रदेश एसोसियेशन के सचिव लोक बहादुर ने बालिकाओं के उज्जवल भविष्य की कामना की और हॉकी कोच अकबर खान, मो. शकील टीम मैनेजर को बधाई दी।

इंटर विनर की ओर से बताया गया कि 300 मिट्रिक टन कचरा चलाये जाने पर समस्या तीन गुना बढ़ सकती है। सरकार की रिपोर्ट के अनुसार 300 मिट्रिक टन कचरा जलने पर 900 मिट्रिक टन राख निकलेगी, जिसे लैंडफिल में डाला जायेगा। जिससे कारण प्रदूषण में बढोत्तरी होगी। न्यायालय ने कचरा विनिष्टीकरण पूरी सावधानी से पीसीबी के निगरानी में करने के निर्देश देते हुए मामले की सुनवाई जून माह में निर्धारित की है। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता नमन नागरथ, खालिद फखरुद्दीन तथा सरकार महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने पैरवी की।

## अधिवक्ताओं ने कराया रोज़ा अफ्तार, शांति सद्भव की मांगी गई दुआ

जबलपुर। मुस्लिम धर्मावलंबियों के पवित्र माह रमजान के चलते पच्चीस वें रोजे पर पीएसएम मस्जिद में मुस्लिम अधिवक्ताओं एवं सिविल कोर्ट के कर्मचारियों के द्वारा विशाल अफ्तार ए आम का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों लोगों ने सामुहिक रूप से मिलकर अफ्तार किया। अफ्तार के उपरांत मगरिब की सामूहिक नमाज अदा की गई और मुल्क हिंदुस्तान में अम्नो और शांति की दुआएं मांगी गईं।

इस अवसर पर अधिवक्ताद्वय सलीम खान, शेख मंजूर, एसएम मंसूरी, बहार अंसारी, मो. अल्तमस, हाजी मुईन खान, मुज्जफर हुसैन, नईम अहमद, इरशाद अहमद, नज़र पहलवान, मुईन रज़ा, एसडी खान, निज़ामुद्दीन, अकील अंसारी, कदीर खान, शाहिद खान, तौसीफ खान, अकबर उस्मानी सहित हजारों रोजेदार उपस्थित थे। तदोपरांत अधिवक्ताओं व कर्मचारियों ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## पुस्तक मेला में पुस्तकें और यूनिफार्म खरीदने बच्चों एवं अभिभावकों की दिनों दिन बढ़ रही संख्या

# पुस्तक मेला का आयोजन जिला प्रशासन का सराहनीय कदम : डॉ अभिलाष पांडे

**जबलपुर।** स्कूली बच्चों को प्रतिस्पर्धी और न्यूनतम दरों पर पाठ्य पुस्तकें, कॉपियां और गणवेश उपलब्ध कराने गोलबाजार स्थित शहीद स्मारक प्रांगण में आयोजित किये जा रहे पुस्तक मेला बच्चों और उनके अभिभावकों को एक स्थान पर सभी शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध करा रहा है, वहीं यहाँ रोज शाम प्रस्तुत किये जा रहे सांस्कृतिक कार्यक्रम बाल कलाकारों का मनोबल बढ़ाने के साथ मेले को भव्यता भी प्रदान कर रहे हैं। कलेक्टर दीपक सक्सेना की पहल पर लगाया गया बारह दिनों का यह पुस्तक मेला एवं गणवेश मेला 5 अप्रैल तक जारी रहेगा। रविवार और शनिवार को यह मेला दोपहर 12 बजे से रात 10 बजे तक तथा शेष दिनों में शाम 4 बजे से रात 10 बजे तक खुला रहेगा। स्कूली बच्चों और अभिभावकों को निजी स्कूलों तथा प्रकाशकों एवं बुक सेलर्स की साठ-गांठ से राहत दिलाने जबलपुर में लगातार दूसरे वर्ष पुस्तक मेला का आयोजन किया जा रहा है। पिछले वर्ष प्रदेश में सबसे पहले जबलपुर में ही पुस्तक मेला लगाया गया था। अपने उद्देश्यों में सफल रहे इस मेले की प्रदेश और देश में काफी चर्चा हुई थी तथा राज्य शासन ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों को पत्र जारी कर जबलपुर की तर्ज पर अपने जिलों में भी पुस्तक मेला का आयोजन करने के निर्देश दिये थे। जबलपुर में इस वर्ष पुस्तक और गणवेश मेला नया शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने के पहले लगाया है। इसलिये स्कूली बच्चे एवं अभिभावक पाठ्यक्रम की पुस्तकें और गणवेश सहित सभी जरूरी शैक्षणिक सामग्री खरीदने बड़ी संख्या में यहाँ पहुँच रहे हैं। इस बार के पुस्तक मेला में पुरानी किताबों के आदान-प्रदान के लिये एक अलग स्टॉल लगाया गया है। बुक बैंक के नाम से लगाया गया यह स्टॉल मेले का आकर्षण बना हुआ है। जहाँ बच्चे पिछली कक्षा की किताबें सौंप सकते हैं तथा जिन्हें जरूरत है उनसे दान के रूप में नाम मात्र की राशि लेकर ये किताबें उन्हें उपलब्ध कराई जा रही हैं। पुरानी किताबों की ली गई यह राशि भी रेडक्रॉस सोसायटी के खाते में जमा की जा रही है, ताकि जरूरतमंदों की मदद के काम यह आ सके। पुस्तक एवं गणवेश मेला की शुरुआत 25 मार्च को हुई थी और लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने इसका शुभारंभ किया था। मेला का आज गुरुवार को तीसरा दिन था। पहले दो दिनों की अपेक्षा आज बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे अपने अभिभावकों के साथ मेला स्थल पहुँचे। उन्होंने न केवल डिस्काउंट पर उपलब्ध किताबें, कापियां एवं यूनिफार्म खरीदी, बल्कि देर तक रुक कर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का लुत्फ भी उठाया। बच्चों और अभिभावकों ने मेला स्थल पर लगाये गये फूड जोन में स्वादिष्ट व्यंजनों का जायका भी लिया।




पुस्तक मेला के तीसरे दिन के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ विधायक डॉ अभिलाष पांडे ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर माध्यमिक शिक्षा मंडल के उपाध्यक्ष श्रीनिवास राव, जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी एवं जिला परियोजना समन्वयक योगेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक अभिभावक एवं स्कूल के विद्यार्थी उपस्थित रहे। विधायक डॉ अभिलाष पांडे ने अपने संबोधन में पुस्तक एवं गणवेश मेला के आयोजन को जिला प्रशासन का सराहनीय कदम बताया। उन्होंने मेले में लगाए गए बुक बैंक के स्टॉल की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत में पुस्तक दान करने की परंपरा प्राचीन काल से रही है। अभिभावक अपनी आवश्यकताओं से समझौता कर बच्चों को शिक्षा उपलब्ध कराते हैं लेकिन परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर से होने की वजह से जिन बच्चों को पुस्तकें उपलब्ध नहीं होती ऐसे बच्चों के लिए भी यह बुक बैंक कारगर होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में इस बार बजट में शिक्षा को विशेष स्थान दिया गया है और वे भी जबलपुर उत्तर विधानसभा के अंतर्गत स्मार्ट क्लासेस, स्मार्ट शिक्षक और स्मार्ट बच्चों का निर्माण करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहे हैं। विधायक डॉ पांडे ने कार्यप्रणाली के 5'एस शिक्षा, स्वास्थ्य, सेवा, सुरक्षा एवं संस्कार की जानकारी देते हुए बच्चों को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा उपलब्ध कराने की स्वयं की मंशा को भी व्यक्त किया।

# एपीआई जबलपुर चैप्टर की वार्षिक कॉन्फ्रेंस में उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल होंगे शामिल

## देश के कोने-कोने से पहुंचेंगे विशेषज्ञ, नवीनतम तकनीकों व शोधों पर करेंगे विचार मंथन

जबलपुर। एसोसिएशन ऑफ फिजीशियन्स ऑफ इंडिया (एपीआई),जबलपुर चैप्टर के तत्वाधान में वार्षिक कॉन्फ्रेंस 26`वीं मेडिसिन अपडेट 2025 का आयोजन 29 व 30 मार्च को विजन महल, तिलहरी में किया जायेगा, आयोजक एपीआई के अध्यक्ष डॉ. नवीन शर्मा व एपीआई के सचिव डॉ. अखिलेश तिवारी ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य इंटरनल मेडिसिन के क्षेत्र में हो रहे नवीनतम शोधों को सामने लाना है, देश के कोने-कोने से पहुंच रहे विशेषज्ञ यह भी बताएंगे कि तकनीक के जरिए किस तरह आज इस क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव आए हैं। इंटरनल मेडिसिन्स में एआई की भूमिका क्या है ? हार्ट अटैक में क्या नया है? लीवर ट्रांसप्लांट में कौन सी नई तकनीकें आई हैं? मल्टीड्रग रजिस्टेंस और नई एंटीबायोटिक्स का संबंध क्या है ? कुछ ऐसे ही प्रश्नों के उत्तर अपने लेक्चर के माध्यम से विशेषज्ञों द्वारा दिए जाएंगे। पैनल डिस्कशन में चिकित्सा जगत के वर्तमान मुद्दो व चुनौतियों पर चर्चा होगी। शोधकर्ता व छात्र अपने कार्य को पोस्टर के माध्यम से प्रस्तुत करेंगे। इस दौरान लाइफ टाइम अचीवमेंट व अन्य अवॉर्ड भी प्रदान किए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि 30 मार्च को दोपहर 12.30 बजे से आयोजित अवॉर्ड वितरण समारोह में मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री व लोक कल्याण व चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेंद्र शुक्ल होंगे। अध्यक्षता सांसद जबलपुर आशीष दुबे करेंगे। विशिष्ट अतिथि पाटन विधायक माननीय श्री अजय विश्नोई जी रहेंगे। वहीं इससे पूर्व 29 मार्च 2025 को शाम 8 बजे कार्यक्रम काशुभारंभ मेडिकल कॉलेज डीन जबलपुर प्रोफ डॉ. नवनीत सक्सेना जी के स्वागत उदबोधन से होगा। आयोजन समिति में डॉ. सुरेश पटेल, डॉ. आशीष पटेल, डॉ आनंद बहरानी, डॉ. एस के मिश्रा, डॉ.अश्वनी पाठक, डॉ.अनुपम श्रीवास्तव, डॉ. संजय नेमा, डॉ. एच पी एस चंदेल शामिल हैं।




# नवीन शैक्षिक सत्र की तैयारी को लेकर शिक्षकों की बैठक संपन्न

**जबलपुर।** नवीन शैक्षिक सत्र तैयारी को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी द्वारा प्राथमिक माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत प्रधान अध्यापक, शाला प्रभारी, शिक्षकों की आवश्यक बैठक पंडित लज्जा शंकर झा उत्कृष्ट शासकीय उच्चतर माध्यमिक मॉडल स्कूल में आयोजित की गई। बैठक में प्रमुख रूप से संयुक्त संचालक लोक शिक्षण प्राचीश जैन, जिला परियोजना समन्वयक योगेश शर्मा, **BRC**, **BAC**, जनशिक्षक, प्रधानाध्यापक, प्राथमिक शाला, प्रधानाध्यापक माध्यमिक शाला, शिक्षक उपस्थित रहे।

जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने बैठक में शिक्षकों को निर्देश दिए कि 01 अप्रैल को शालाओं में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम उत्साहपूर्वक मनाया जाए। इस हेतु शिक्षक शत-प्रतिशत छात्रों की उपस्थिति, अपनी कक्षा में नामांकन बढ़ाने, शाला त्यागी अप्रवेशी बच्चों को शाला में प्रवेश दिलाने को हेतु छात्रों- अभिभावकों से संपर्क करें। अच्छी उपस्थिति वाले छात्रों- पालकों को सम्मानित करें। प्रत्येक कक्षा, विद्यालय में पिछले वर्ष से नामांकन बढ़े सभी शिक्षक प्रयास करें। प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में सम्मानपूर्वक स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाए। सभी शिक्षक शाला लगने के आधे घंटे पूर्व विद्यालय पहुंचें, प्रार्थना सभा में सभी की उपस्थिति अनिवार्य है। पूरे समय विद्यालय में रहकर अध्यापन कराएं। सभी शिक्षक पाठ्यक्रम अनुसार योजनाबद्ध डेली डायरी अनिवार्य रूप से बनाएं. अध्यापन के दौरान डेली डायरी शिक्षक के पास हो।



प्रत्येक विद्यार्थी का पोर्टफोलियो रिकार्ड सभी शिक्षकों के पास हो, इसमें बच्चेवार अकादमिक जानकारी, स्तर, ग्रेड, पिछली कक्षा का अध्यापन स्तर के साथ छात्रों की समग्र आईडी, आधार कार्ड, अपारआईडी, छात्रवृत्ति, मैपिंग, अभिभावकों से संपर्क संबंधित अन्य जानकारियां भी हों।

## आदर्श नामदेव 86 फीसदी अंक लेकर क्लास में रहे अव्वल

**जबलपुर।** केन्द्रीय विद्यालय टीएफआरआई में कक्षा छठवीं के विद्यार्थी आदर्श नामदेव ने 86 फीसदी अंक लेकर क्लास में प्रथम रैंक हासिल की है। ग्राम पड़वार बरेला निवासी आदर्श के पिता अमित कुमार नामदेव पेशे से पत्रकार व माता अरुण नामदेव गृहणी हैं, जिन्होंने अपने पुत्र की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए भविष्य में बेहतर प्रदर्शन बनाए रखने की कामना की है। आदर्श की इस सफलता पर उनके परिवारजनों व शुभचिंतकों ने बधाईयां प्रेषित की हैं।

## दो दिवसीय आईएसओ प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

# जनरेटिंग कंपनी के कार्यालय अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता के बनेंगे

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कम्पनी के जबलपुर स्थित कार्यालयों को अंतरराष्ट्रीय स्तर गुणवत्ता बनाने के लिए दो दिवसीय आईएसओ (इंटरनेशनल ऑर्गेनाइज़ेशन फ़ॉर स्टैंडर्डाइज़ेशन) आंतरिक ऑडिटर सर्टीफिकेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह के निर्देश पर जबलपुर स्थित समस्त कार्यालयों का आईएसओ क्वालिटी मैनेजमेंट प्रमाण पत्र लेने के उद्देश्य से इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को आयोजित किया गया। वर्तमान में पावर जनरेटिंग कंपनी के दो कार्यालयों को आईएसओ सर्टीफिकेट प्रदान किया जा चुका है और अन्य कार्यालयों के प्रमाणीकरण की प्रक्रिया चल रही है। आईएसओ के नियमानुसार प्रत्येक कार्यालय से एक अधिकारी व कर्मचारी को इंटरनल ऑडिटर सर्टिफिकेशन लेना अनिवार्य है। इस नियम के परिपालन में पावर जनरेटिंग कंपनी द्वारा दो दिवसीय इंटरनल ऑडिटर सर्टिफिकेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया व क़्वालिटी सर्टिफिकेशन सर्विस दिल्ली के मुख्य प्रशिक्षक वीरेंद्र कुमार ने 20 अभियंताओं, अधिकारियों व कार्मिक को प्रशिक्षति किया।






# संघ के शताब्दी वर्ष पर समर्पित, निःस्वार्थ कार्यकर्ता स्वयंसेवक परिवारों का होगा स्मरण

**जबलपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ महाकोशल प्रांत के प्रांत संघ चालक डॉ. प्रदीप दुबे ने पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने बताया अनंतकाल से ही हिन्दू समाज एक प्रदीर्घ और अविस्मरणीय यात्रा में साधनारत रहा है, जिसका उद्देश्य मानव एकता और विश्व कल्याण है। तेजस्वी मातृ शक्ति सहित संतों, धर्माचार्यों तथा महापुरुषों के आशीर्वाद एवं कतृत्व के कारण हमारा राष्ट्र कई प्रकार के उतार-चढ़ावों के उपरांत भी निरंतर आगे बढ़ रहा है। काल के प्रभाव में राष्ट्र जीवन में आए अनेक दोषों को दूर कर एक संगठित, चारित्र्यसंपन्न और सामर्थ्यवान राष्ट्र के रूप में भारत को परम वैभव तक ले जाने हेतु डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने वर्ष 1925 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का कार्य प्रारंभ किया। संघ कार्य का बीजारोपण करते हुए डॉ. हेडगेवार ने दैनिक शाखा के रूप में व्यक्ति निर्माण की एक अनूठी कार्यपद्धति विकसत की, जो हमारी सनातन परंपराओं व मूल्यों के परिप्रेक्ष्य में राष्ट्र निर्माण का निःस्वार्थ तप बन गया। द्वितीय सरसंघ चालक गुरुजी माधव सदाशिव गोलवलकर के दूरदर्शी नेतृत्व में राष्ट्रीय जीवन के विविध क्षेत्रों में शाश्वत चिंतन के प्रकाश में कालसुसंगत युगानुकूल रचनाओं के निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ हुई। सौ वर्ष की इस यात्रा में संघ ने दैनिक शाखा द्वारा अर्जित संस्कारों से समाज का अटूट विश्वास और स्नेह प्राप्त किया। संघ कार्य की शताब्दी के अवसर पर हमारा कर्तव्य है कि पूज्य संत और समाज की सज्जन शक्ति जिनका आशीर्वाद और सहयोग हर परिस्थिति में हमारा संबल बना, जीवन समर्पित करने वाले निःस्वार्थ कार्यकर्ता और मौन साधना में रत स्वयंसेवक परिवारों का स्मरण करें। संघ का यह मानना है कि धर्म के अधिष्ठान पर आत्मविश्वास से परिपूर्ण संगठित सामूहिक जीवन के आधार पर ही हिन्दू समाज अपने वैश्विक दायित्व का निर्वाह प्रभावी रूप से कर सकेगा। अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा सज्जन शक्ति के नेतृत्व में सम्पूर्ण समाज को साथ लेकर विश्व के सम्मुख उदाहरण प्रस्तुत करने वाला समरस और संगठित भारत का निर्माण करने हेतु संकल्प करती है।

# शिव मंदिर बाबाताल में पूर्णाहुति के साथ महारुद्र यज्ञ का समापन

**सिहोरा।** शिव मंदिर बाबाताल में आयोजित हवनात्मक तथा महाअभिषेकात्मक श्री महारुद्रयज्ञ एंव भागवत कथा का गुरुवार को पूर्णाहुति के साथ ही समापन हो गया। आज शुक्रवार को विशाल भंडारे के साथ कन्या भोजन का आयोजन यज्ञ समिति के द्वारा किया गया है। विगत दिनों से जारी यज्ञ में जहां प्रतिदिन हजारों भक्तों ने श्रद्धा भक्ति भाव के साथ यज्ञ वेदी की परिक्रमा लगाकर पुण्य लाभ प्राप्त किया वहीं रामलीला का भी भक्त गण ने रोज आनंद ले रहे है। करीब दस दिनों तक सिद्ध पीठ स्थल शिव मंदिर बाबाताल में सुबह से लेकर रात तक भक्तों का तांता लगा रहता था नगर उपनगर के साथ ग्रामीण क्षेत्र से बड़ी संख्या में आने वालों श्रद्धालुओं ने भी इस धर्म की गंगा में गोते लगाकर खुद को पुण्य का भागीदार बना लिया। सिहोरा का ऐसा पहला यज्ञ एंव मेला है जिसमें शाम सात से रात्रि बारह बजे तक हर आयु वर्ग के लोगों की रोज भारी भीड़ देखने को मिली। क्षेत्र के लिए बहुत महत्व रखने वाले इस धार्मिक आयोजन का हर कोई शाल भर इंतजार करता है और मेले से घर ग्रहस्थी की बड़े पैमाने पर सामग्री की खासकर महिलाएं खरीददारी करती है।



# क्षेत्रीय विकास संघर्ष समिति ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

## बिजली करंट से मृत हुए बच्चों को मुआवजा देने की मांग

**पाटन।** क्षेत्रीय विकास संघर्ष समिति ने बुधवार को एक रैली निकाली और प्रदर्शन कर एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। क्षेत्रीय विकास संघर्ष समिति के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में एसडीएम कार्यालय पहुंचे जहां पर संयोजक राजकुमार जैन सहसंयोजक ज्ञानेश शर्मा समाजसेवी और कांग्रेस नेता संदीप गुरु के साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। और पाटन के सुरैया तिराहा में दो मासूम की बिजली करंट से हुई मौत के लिए कार्रवाई की मांग की। कार्यकर्ताओं का कहना है कि जिस तरह से मध्य प्रदेश विद्युत मंडल की लापरवाही का खामियाजा मासूम को भुगतना पड़ा है और उन्हें अपनी जान गंवानी पड़ी है वह पूरी तरह से निंदनीय है इस मामले में जल्द से जल्द सख्त कार्रवाई होना चाहिए साथ ही मृतक बच्चों के परिजनों को 25-25 लाख मुआवजा राशि भी दी जाए। एमपीईबी के अधिकारी जो भी दोषी पाए जाते हैं उनके ऊपर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। पांच सूत्री मांगों का ज्ञापन पाटन तहसीलदार को सौंपा गया।



## क्रमोन्नति के लिए शिक्षक करेंगे आंदोलन

# दो माह बाद भी डीईओ नही ले सके फैसला

**सिहोरा।** जिले के सैकड़ों माध्यमिक शिक्षकों की द्वितीय क्रमोन्नति और उच्च माध्यमिक शिक्षकों के द्वितीय समयमान वेतनमान के लाभ को डीईओ और जेडी कार्यालय द्वारा लगातार लंबित रखा जा रहा है।विभाग से लगातार पत्राचार करने के बाद भी अधिकारी द्वय द्वारा अड़ियल रवैया अपनाने से आक्रोशित शिक्षको ने अब क्रमोन्नति आदेश होने तक लगातार आंदोलन की घोषणा की है।

**दो अप्रैल को कलेक्टर को सौंपेंगे ज्ञापन-** तत्संबंध में अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा जबलपुर के नरेन्द्र त्रिपाठी, रत्नेश मिश्रा, दीपक पटेल, आशीष उपाध्याय, अजय सिंह, महेंद्र अहवासी ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में जानकारी दी कि आगामी दो अप्रैल को जबलपुर कलेक्टर को इस संबंध में ज्ञापन देकर कार्यवाही की मांग की जावेगी। एंव आगामी आंदोलन की घोषणा भी उसी दिन की जायेगी।

**क्या है पूरा मामला-** जिले में सैकड़ों की संख्या में पूर्व में पदोन्नति प्राप्त और वर्तमान में माध्यमिक शिक्षक और उच्च माध्यमिक शिक्षक के पद पर पदस्थ शिक्षक द्वितीय क्रमोन्नति और द्वितीय समयमान वेतनमान के पात्र है।दोनो संवर्गो के आदेश क्रमशः डीईओ और जेडी द्वारा किया जाना है।पहले तो डीईओ कार्यालय द्वारा इन शिक्षकों के क्रमोन्नति आदेश जारी किए गए पर बाद में उसी आदेश को स्वयं निरस्त भी कर दिया गया।विरोध स्वरूप शिक्षको द्वारा दो माह पूर्व 21 जनवरी को दोनो अधिकारियों को ज्ञापन सौंपे गए।शिक्षको का आरोप है कि दोनो ही अधिकारियों द्वारा स्पष्ट रूप से यह नहीं बताया जा रहा है कि उन्होंने आदेश पर रोक लगाई किस कारण है।

**अन्य जिलों में लाभ मिला-**संपूर्ण मध्यप्रदेश के साथ साथ संभाग अंतर्गत कटनी जिले के ऐसे माध्यमिक शिक्षकों के द्वितीय क्रमोन्नति आदेश महीनों पूर्व जारी कर दिए गए और उन्हें बढ़ा हुआ वेतन भी विगत तीन माहों से प्राप्त हो रहा है।विदित हो कि शिक्षा मंत्री ने विभागीय बैठक में शिक्षको के क्रमोन्नति आदेश जारी कर समस्त एरियर की राशि मार्च माह तक देने के निर्देश दिए थे पर जिले में शिक्षा मंत्री के उक्त निर्देशों का कोई असर दिखाई नहीं दे रहा।

## सिहोरा महाविद्यालय का स्नेह सम्मेलन आज

**सिहोरा।** नगर के एक मात्र शासकीय श्यामसुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिहोरा में आज वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आयोजन किया गया है।इस संबंध प्राचार्य डॉ एम के श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यक्रम संतोष बरकडे विधायक सिहोरा के मुख्य आतिथ्य,डॉ श्रीमती संतोष जाटव अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा की अध्यक्षता एंव प्रणय प्रभात पांडे विधायक बहोरीबंद,श्रीमती संध्या दिलीप दुबे नगर पालिका अध्यक्ष,श्रीमती रश्मि मनेन्द्र अग्निहोत्री जनपद पंचायत सिहोरा, राजा मोर अध्यक्ष जनभागीदारी समिति के विशिष्ट आतिथ्य में दोपहर 11 बजे से आयोजित किया गया है। डॉ नीता तिवारी समन्वयक आयोजन समिति ने सभी गणमान्य नागरिकों,पत्रकारों छात्र छात्राओं से पहुंचने की अपील की है।

## पावर जनरेटिंग कंपनी के अशोक सोनी आज होंगे सेवानिवृत

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कम्पनी के फ्यूल मैनेजमेंट कार्यालय में निज सहायक के पद पर कार्यरत अशोक कुमार सोनी 42 वर्षों की सेवा के उपरांत आज 28 मार्च को सेवानिवृत्त हो रहे हैं।






**श्रीमती लक्ष्मी बाई चौधरी-** लाल कुआं पोलीपाथर निवासी श्री राम अवतार चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी बाई चौधरी (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती दसोदा बाई अहिरवार-** सिद्धबाबा रोड राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री विशाली अहिरवार की धर्मपत्नी श्रीमती दसोदा बाई अहिरवार (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती शोभा श्रीवास-** शास्त्री विहार सिविल लाइन निवासी श्री नर्बदा प्रसाद श्रीवास की धर्मपत्नी श्रीमती शोभा श्रीवास (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती इत्तो बाई-** सेठीनगर कुम्हार मोहल्ला गुप्तेश्वर निवासी श्री पंचम लाल की धर्मपत्नी श्रीमती इत्तो बाई (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती सुकरानी सिंह ठाकुर-** रीवा कॉलोनी छापर रामपुर निवासी श्री अमृत सिंह ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती सुकरानी सिंह ठाकुर (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कृष्ण कुमार गिरधर-** गुप्तेश्वर स्थित कोल माइंस आफिस के पीछे निवासी श्री कृष्ण कुमार गिरधर (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**कु. ज्योति मोटवानी-** आदर्श नगर नर्मदा रोड निवासी श्री मोहन मोटवानी की पुत्री कु. ज्योति मोटवानी (27) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री भारत कुमार जायसवाल-** अमखेरा न्यू रामनगर अधारताल निवासी श्री भारत कुमार जायसवाल (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री महेंद्रपाल सिंह कटियार-** मातृछाया काम्पलेक्स चंपानगर मानेगांव रांझी निवासी श्री महेंद्रपाल सिंह कटियार (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विनय साहू-** मदर टेरेसा नगर निवासी श्री सुशील साहू के पुत्र श्री विनय साहू का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175



# बागरी समाज ने प्रदीप अहिरवार के विरोध में प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**कुंडम।** बागरी समाज ने प्रदीप अहिरवार के विरोध में मुख्यमंत्री और राज्यपाल के नाम तहसीलदार कुंडम को ज्ञापन सौंपकर कड़ी करवाई की मांग की है। 25 मार्च को प्रदीप अहिरवार प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग ने मंत्री प्रतिमा सिंह बागरी के बारे में अपशब्द कहते हुए बागरी समाज के बारे में भी अपशब्दों का उपयोग किया था जिसके विरोध में बागरी समाज के मंडल अध्यक्ष मनीष बागरी, सरपंच अनिल सिंह बागरी, राजेंद्र सिंह बागरी अध्यक्ष बागरी कल्याण समिति, बागरी कल्याण समिति ने ज्ञापन देकर विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर कपिल बागरी, अंकित बागरी, रूद्र बागरी, विकाश बागरी सहित पुलिस स्टाफ की उपस्थिति रही है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं राजेन्द्र साहू (Rajendra Sahu) पुत्र श्री ओमकार साहू, (Omkar Sahu) निवासी ह.न. 2381 चार्टर्ड हाउस, गुरुदेव कालोनी, बेदीनगर, जबलपुर म.प्र. 482001 ने भविष्य में सभी उद्देश्यो के लिए अपना नाम " राजेन्द्र साहू" (Rajendra sahu) से बदलकर "राज साहू" (Raj sahu) कर लिया है।

**नाम परिवर्तन**

मैं, युवराज जैन गढ़ावाल, पुत्र नरेशचंद गढ़ावाल, निवासी 310, पुरानी चरहाई, यूको बैंक के सामने, जवाहरगंज, जबलपुर (म.प्र.), यह घोषणा करता हूँ कि पहले मेरा नाम युवराज गढ़ावाल, पुत्र नरेशचंद गढ़ावाल था, जिसे मैंने बदलकर युवराज जैन गढ़ावाल, पुत्र नरेशचंद गढ़ावाल कर लिया है।अतः मुझे भविष्य में युवराज जैन गढ़ावाल, पुत्र नरेशचंद गढ़ावाल के नाम से जाना और लिखा जाए।

पूर्व नाम- युवराज गढ़ावाल
पिता- नरेशचंद गढ़ावाल
परिवर्तित नाम- युवराज जैन गढ़ावाल
पिता - नरेशचंद गढ़ावाल

**CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH**

I, **SAWITRI DEVI** is legally Mother of No **JC-392619X** Rank **NB SUB** Name **TRIBHUWAN TIWARI** presently, residing at **VILL- DALSAGAR, PO- DALSAGAR, TEH- BUXAR, DISTT-BUXAR (BIHAR)-802116** I, have changed of my name and date of birth from name **SAVITRI DAVI** and date of birth **01/07/1958** (name and date of birth as per my **SON,** Army service records) to name **SAWITRI DEVI** and date of birth **01/01/1959** (name and date of birth as per my **AADHAR CARD** vide affidavit dated **26/03/2025** (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (Name and place of Court).
**CORRECT NAME-SAWITRI DEVI**
**INCORRECT NAME-SAVITRI DAVI**
**CORRECT DATE OF BIRTH-01/01/1959**
**INCORRECT DATE OF BIRTH-01/07/1958**

# ओडिशा में कांग्रेस ने किया बड़ा आंदोलन

## प्रदर्शन... हंगामा... लाठियां...

### महिला अपराधों की जांच को लेकर समिति बनाने की मांग

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के भुवनेश्वर में राज्य में महिलाओं के खिलाफ अपराधों में कथित वृद्धि की जांच के लिए सदन समिति के गठन की मांग को लेकर विधानसभा के पास कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए लाठीचार्ज किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को तितर-बितर करने पानी की बौछारों का भी इस्तेमाल किया।







## इधर, झारखंड में भाजपा का प्रदर्शन...





रांची। भाजपा नेता और पूर्व जिला परिषद सदस्य अनिल महतो उर्फ अनिल टाइगर की हत्या के खिलाफ झारखंड भाजपा और अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) द्वारा आहूत रांची बंद के दौरान भाजपा समर्थकों ने गुरुवार को सड़क जाम कर दिया। इस दौरान उपद्रव भी हुए।

## खबर संक्षेप

### एक्ट्रेस रन्या को झटका नहीं दी गई जमानत

**बेंगलुरू।** गोल्ड स्मगलिंग के आरोप में जेल में बंद कन्नड़



एक्ट्रेस रन्या राव को बड़ा झटका लगा है। 64वें सिटी सिविल और सेशंस कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी, जिससे उन्हें अभी जेल में ही रहना होगा। इससे पहले आर्थिक अपराधों के लिए स्पेशल कोर्ट ने भी उनकी जमानत याचिका को ठुकरा दिया था। निचली अदालतों से राहत न मिलने के बाद अब उनके पास केवल हाईकोर्ट का विकल्प बचा है, रन्या का कानूनी दल जल्द ही हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाने की तैयारी कर रहा है।

### तमिलनाडु : वक्फ बिल के खिलाफ प्रस्ताव पास

**चेन्नई।** तमिलनाडु विधानसभा ने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित वक्फ



संशोधन विधेयक के खिलाफ प्रस्ताव पारित कर दिया है। इस प्रस्ताव को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने पेश किया था। सीएम स्टालिन ने आरोप लगाया है कि इस बिल के कारण मुस्लिमों की भावनाएं आहत हो रही हैं। वहीं, दूसरी ओर भाजपा विधायक वनथी श्रीनिवासन ने विधानसभा में वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ प्रस्ताव का विरोध किया है।

### नमाज : मेरठ पुलिस की मंत्री चौधरी ने की आलोचना

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मेरठ में पुलिस ने सड़कों पर ईद की नमाज को लेकर सख्त कदम उठाते हुए एक आदेश जारी किया है। पुलिस ने सार्वजनिक जगहों और सड़क पर नमाज पढ़ने पर पाबंदी लगा दी है। और आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के चेतावनी देते हुए पासपोर्ट रद्द करने की बात कही है। मेरठ पुलिस के इस आदेश की केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने आलोचना की है। उन्होंने मेरठ पुलिस पर निशाना साधते हुए कहा कि पुलिस का ये कहना गलत है। उन्होंने पुलिस के इस आदेश की तुलना ऑरवेलिन 1984 की पुलिसिंग से की है। इसके साथ ही उन्होंने आरएसएस के मुखपत्र ऑर्गनाइजर के आर्टिकल को भी कोट किया है।

### राज्यसभा स्पीकर से की सुरक्षा बढ़ाने की मांग

# 'माफी नहीं मांगूंगा', राणा सांगा पर दिए बयान पर अड़े सपा सांसद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के घर पर हमले के बाद उत्तर प्रदेश में राजनीतिक माहौल गरमाता जाता रहा है। इसी बीच सपा ने ईद के बाद पूरे प्रदेश में प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। साथ ही सपा सांसद ने राणा सांगा पर अपनी टिप्पणी के लिए माफी मांगने से इनकार कर दिया है और कहा कि इतिहास को नकारा नहीं जा सकता। हालांकि, उन्होंने सभापति से अपनी सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है। सांसद ने गुरुवार को कहा, 'मैं इस जन्म में माफी नहीं मांगूंगा, मुझे अगले जन्म का पता नहीं है।' यह बात उनके घर पर करणी सेना के सदस्यों द्वारा कथित तौर पर किए गए हमले के एक दिन बाद कही है।' उन्होंने कहा, 'उन्हें सच स्वीकार करना सीखना होगा। बाबर को राणा सांगा ने इब्राहिम लोदी को हराने के लिए आमंत्रित किया था। उन्हें ये गलतफहमी थी कि बाबर एक लुटेरा है और वह वापस चला जाएगा और हम शासन करेंगे।'

## करणी सेना ने की है घर पर तोड़फोड़

### 'परिवार को नुकसान पहुंचाना चाहते थे हमलावर'

हमले के संबंध में सुमन ने कहा कि 'मैंने राज्यसभा सभापति को स्थिति से अवगत कराया। मुझे सुरक्षा चाहिए। मैंने उन्हें बताया कि 22 मार्च से सोशल मीडिया के जरिए धमकियां दी जा रही थीं और कल वे बुलडोजर लेकर मेरे घर आ गए।' उन्होंने कहा, 'ये जानलेवा हमला था। उन्होंने सभी शीशे तोड़ दिए, कॉलोनी में कारें तोड़ दीं... उनका इरादा मेरे परिवार को नष्ट करना था।'



**करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने की तोड़फोड़ :** बता दें कि करणी सेना के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने बुधवार को हरीपर्वत चौराहे के पास स्थित सांसद के घर में तोड़फोड़ की। घर के बाहर खड़ी कई कारों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया, कुर्सियां तोड़ दीं और घर की खिड़कियों के शीशे तोड़ दिए।

### यह था विवादित बयान

दरअसल, बीते दिनों सपा सांसद ने राज्यसभा में बोलते हुए कहा कि राणा सांगा एक गद्दार था, जिसने इब्राहिम लोदी को हराने के लिए बाबर को लाया था। राणा सांगा या संग्राम सिंह प्रथम 1508 से 1528 तक मेवाड़ के शासक थे।

### ईद के बाद प्रदर्शन करेगी सपा

*इसी बीच सपा के राष्ट्रीय महासचिव रामगोपाल यादव ने कहा, हम सरकार को हिला देंगे।.. यदि रामजीलाल सुमन के घर पर हमला करने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई तो ईद के बाद प्रदेश व्यापी आंदोलन किया जाएगा। सामंतवादी ताकतों के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा।.. क्या रामजीलाल सुमन की जगह उनके समाज का कोई होता तो वे हमला करते? रामजीलाल सुमन के घर पर हमला करना पूरे दलित समाज पर हमला है।*

## करणी सेना बोली- सपा सांसद की जुबान काटो, 5.51 लाख देंगे


*उत्तर प्रदेश के सपा सांसद रामजी लाल के महाराणा सांगा पर दिए गए बयान के बाद से राजस्थान समेत देश भर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। गुरुवार को करणी सेना के अर्जुन सिंह चुंडावत के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने उदयपुर में कलेक्ट्रेट के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान अर्जुन सिंह चुंडावत ने एक बड़ा एलान भी किया। उन्होंने कहा कि जो भी सांसद रामजी लाल की जुबान काटकर लाएगा, उसे 5.51 लाख रुपये इनाम दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर, सांसद रामजी लाल ने अपने शब्द वापस नहीं लिए और सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगी तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।*

### ट्रंप का विदेश में बने वाहनों पर 25% टैरिफ लगाने का ऐलान

# साझेदारों के साथ बढ़ेगा तनाव, कार की कीमतों और नौकरियों पर पड़ेगा असर

एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को ऑटो आयात पर भारी टैरिफ लगाने का



एलान किया। इस फैसले अमेरिका का व्यापारिक साझेदारों के साथ तनाव बढ़ सकता है। ट्रंप ने व्हाइट हाउस में कहा, हम अमेरिका के बाहर बनी सभी कारों पर 25 फीसदी टैरिफ लगाएंगे। लेकिन अगर कार अमेरिका में बनी है, तो उस पर कोई टैरिफ नहीं लगेगा। यह टैरिफ दो अप्रैल से लागू होंगे और विदेश में बनी कारों व हल्के ट्रकों पर असर डालेगा। यह मौजूदा टैरिफ के अतिरिक्त होगा। ऑटोमोटिव रिसर्च सेंटर के मुताबिक, अमेरिकी टैरिफ कारों की कीमत को हजारों डॉलर तक बढ़ा सकता है और नौकरियों पर नकारात्मक असर डाल सकता है।

### कनाडाई पीएम बोले- यह हमारे देश पर सीधा हमला

**टोरंटो।** कनाडा के पीएम मार्क कार्नी ने बुधवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से ऑटोमोबाइल आयात पर 25 फीसदी टैरिफ की घोषणा को अपने देश पर 'सीधा हमला' करार दिया। उन्होंने कहा कि यह व्यापार युद्ध न केवल कनाडा, बल्कि खुद अमेरिकी अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचा रहा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के उपभोक्ताओं को भरोसा कई वर्षों के निम्नतम स्तर पर है।

# श्रीलंकाई नौसेना ने मछली पकड़ रहे 11 भारतीय मछुआरों को पकड़ा

## पीएम मोदी के लंका दौरे के पहले तनाव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एक बार फिर तमिलनाडु के मछुआरे श्रीलंकाई नौसेना के शिकंजे में फंस गए हैं। खबर है कि श्रीलंकाई नौसेना ने बंगाल की खाड़ी में मछली पकड़ रहे एक नाव में सवार तमिलनाडु के 11 मछुआरों को पकड़ लिया है। उन्हें जांच के लिए उन्हें कांगेसंथुरई नौसेना शिविर ले जाया गया है। रामेश्वरम मछुआरा संघ के मुताबिक, आए दिन ऐसी घटनाएं हो रही हैं। सरकार को इस बारे में गंभीरता से सोचना होगा।



यह कार्रवाई ऐसे वक्त की गई है, जब अगले महीने ही भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी श्रीलंका के दौरे पर जाने वाले हैं। यह यात्रा ऐसे वक्त हो रही है, जब भारत और श्रीलका के बीच मछुआरों की गिरफ्तारी का मुद्दा गरम है। इस कारण से दोनों देशों के बीच तनातनी चल रही है।

### टी-सीरीज ने भेजा कॉपीराइट नोटिस, पुलिस ने दिया दूसरा समन

# सीतारमण पर पैरोडी, कामेडियन कामरा पर आफत पर आफत

एजेंसी ▶▶| मुंबई

कॉमेडियन कुणाल कामरा 'पैरोडी सॉन्ग' विवाद मामले में बड़ा अपडेट है। पुलिस ने कामरा को दूसरा समन भेजा है। पुलिस ने पूछताछ के लिए कामरा को 31 मार्च को खार थाने बुलाया है। इधर...वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर पैरोडी सॉन्ग बनाना कामरा को भारी पड़ गया। वीडियो में मिस्टर इंडिया फिल्म के गाने पर पैराडी की वजह से टी-सीरीज ने कामरा को कॉपीराइट नोटिस भेजा है। कुणाल ने 22 मार्च को 'पैरोडी सॉन्ग' में एकनाथ शिंदे के राजनीतिक करियर पर कटाक्ष किया था। कामरा ने शिंदे को गद्दार कहा था। शिंदे पर बनाए 'पैरोडी




सॉन्ग' को सोशल मीडिया पर पोस्ट करने के बाद विवाद शुरू हो गया। रविवार (23 मार्च) की रात बवाल मचा। शिंदे समर्थकों ने कामरा के होटल में तोड़फोड़ की। कामरा पर एफआईआर दर्ज की गई। मुंबई पुलिस ने समन भेजा। बवाल और विवाद के बीच कामरा ने 25 और 26 मार्च को दो पैरोडी सॉन्ग सोशल मीडिया पर पोस्ट किए।

**इस गाने पर मिला नोटिस :** कामरा ने 26 मार्च को देश की अर्थव्यवस्था पर कटाक्ष करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर तंज कसा है। कामरा ने इन सड़कों की बर्बादी, करने सरकार है आई। ट्रैफिक बढ़ाने ये है आई 'कहते हैं मुझको हवा हवाई...' गाने पर पैरोडी सॉन्ग बनाया। वीडियो में मिस्टर इंडिया फिल्म के गाने पर पैराडी करने की वजह से कुणाल को टी-सीरीज ने कॉपीराइट नोटिस भेजा है। कुणाल ने X पर खुद यह जानकारी दी।

### कठपुतली बनना बंद करो

इधर, कामरा ने एक्स पर लिखा-हैलो टी-सीरीज, कठपुतली बनना बंद करो। पैरोडी और व्यंग्य कानूनी रूप से फेयर यूज के अंतर्गत आते हैं। मैंने गाने के ओरिजिनल लिरिक्स या इंस्ट्रुमेंटल का इस्तेमाल नहीं किया है। अगर तुम इस वीडियो को हटाते हो तो हर कवर सॉन्ग और डांस वीडियो को भी हटाना पड़ेगा। क्रिएटर्स कृपया इसे नोट करें।



## खेलते-कूदते दिख रहे 2 महीने के शावक

### कूनो नेशनल पार्क से सामने आईं खूबसूरत तस्वीरें

श्योपुर। मध्य प्रदेश के श्योपुर में स्थित कूनो नेशनल पार्क अब विदेशी और भारतीय चीतों का शानदार घर बन गया है, जहां दौड़ते भागते और खेलते हुए चीते नजर आते हैं। 'भारतीय धरती पर जन्मे दो-दो महीने के शावक बंद प्राकृतिक क्षेत्र में अपनी मां चीता वीरा से जीवन रक्षा के कौशल सीख रहे हैं।' 'वहीं, चीता दामिनी के एक साल के शावक कूनो नेशनल पार्क में घूमते दिख रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि हमारा वन्य जीवन फलता फूलता रहे।' इंसानों से चीतों की सुरक्षा को लेकर कूनो नेशनल पार्क ने एडवाइजरी भी जारी की है। एडवाइजरी में लोगों से संयम बरतने और चीतों को नुकसान न पहुंचाने की अपील की गई है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने कूनो से नन्हें शावकों की तस्वीरें शेयर कीं और बताया कि 2 महीने के ये चीते अपनी मां से जीने का तरीका सीख रहे हैं।

# अपनी जीत पर हैरानी नहीं, हार पर लगाया ब्रेक बनीं मेयर और अब कोरबा को संवारने का सपना

*रायपुर। कोरबा की मेयर संजू देवी राजपूत का कहना है, जनता ने उन पर भरोसा किया और इस बार भाजपा की हार पर विराम लगा। भाजपा जीती और वे मेयर बनीं। राजपूत ने कहा, उनका सपना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जिस तरह देश को स्वच्छ और सुंदर बनाने प्रयासरत हैं, ऐसा ही हम कोरबा को संवार सकें। चुनौतियों पर उन्होंने कहा, कांग्रेस ने दस साल में यहां कोई काम नहीं किया। अब हम सब मिलकर शहर की समस्याओं को दूर कर इसे सुंदर बनाएंगे। हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने नए मेयर, नई बात की इस कड़ी में संजू देवी से विस्तार से बातचीत की और कोरबा के संदर्भ में उनके विचारों को जाना। पेश है बातचीत के प्रमुख अंश-*

**सवाल** - जीत को लेकर आप कितनी अचंभित हैं, क्योंकि भाजपा लगातार यहां से हार रही थी?

**जवाब** - हैरत की कोई बात नहीं थी। एक साल से विष्णुदेव साय सरकार की योजना थी। उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने 13 महीने में ही 140 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात दे दी। जनता ने देखा कौन विकास का काम करा सकते हैं, इसलिए भरोसा था जनता चुनेगी।

**सवाल** - लोकसभा का चुनाव सरोज पांडेय यहां से हार गई थीं, तमाम बातों के बावजूद?

**जवाब** - कोरबा विधानसभा क्षेत्र से सरोज पांडेयजी की लीड 51 हजार की थी। लेकिन हार तो हुई है, जिसकी समीक्षा भी हुई है।

**सवाल** - कोरबा में सभापति का चुनाव भाजपा प्रत्याशी हितानंद अग्रवाल नहीं जीत सके?

**जवाब** - वह तो नेताओं ने नहीं, पार्षदों ने चुनाव किया था, उनके मन में क्या था, यह तो उनसे एक-एक करके पूछने से ही पता चलेगा।

**सवाल** - कोरबा में लोग अच्छे खासे लोगों को निपटा देते हैं। आखिर आप कैसे सभी का समर्थन पाने में सफल रही हैं ?

**जवाब** - भारतीय जनता पार्टी एक-एक कार्यकर्ता को सम्मान देती है। जमीन से जुड़े कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ाती है, इसलिए आगे बढ़े हैं और सब इसलिए खुश थे।




**सवाल** - जनता कैसे राजी हुई, भाजपा तो पहले भी प्रत्याशी उतारती थी?

**जवाब** - जनता भी मुझे प्रत्याशी बनाने से खुश थी। मैं पार्षद के रूप में और पार्टी पदाधिकारी के रूप में जनता के पास जाती रही थी। इसलिए जनता ने जमीन से जुड़ी कार्यकर्ता को चुनकर खुश हुई।

**सवाल** - कोरबा नगर निगम के सामने क्या हैं चुनौतियां ?

**जवाब** - कांग्रेस ने 10 साल में कोई काम ही नहीं किया। विकास के काम नगर निगम में नहीं हुए। नालियां, सड़क, बिजली की व्यवस्था नहीं।

**सवाल** - मंत्री लखनलाल देवांगन जी ने क्या किया ? सवा साल से कोरबा के लोग रो ही रहे हैं ?

**जवाब** - नहीं रो रहे हैं। हमारे उद्योग मंत्री 140 करोड़ रुपए की सौगात दिए हैं। सारे काम उनकी ही देन है। अब मिलकर काम कर रहे हैं।

**सवाल** - महापौर के रूप में अब क्या करने का इरादा है ?

**जवाब** - 13 महीने में लखनलाल देवांगन जी ने जो व्यवस्था बनाई है, उसी के अनुरूप काम करेंगे।

**सवाल** - महापौर कौन रहने वाला है, लखनलाल देवांगन जी के भाई भी नगर निगम की राजनीति करते हैं तो कौन रहेगा ?

**जवाब** - कोरबा विधानसभा में विधायक हैं देवांगनजी और हम महापौर हैं तो दोनों मिलकर काम करेंगे।

**सवाल** - और भैया के भैया की क्या स्थिति है ?

**जवाब** - ठीक है उनका, भाजपा में सब एक ही हैं, चाहे मैं हूं या अन्य नेता।

**सवाल** - भाजपा में सभापति को लेकर जो हुआ उससे आप कितनी आशंकित हैं ?

**जवाब** - मैं क्यों भविष्य से परेशान हूं। महापौर का काम अलग है। हम तो काम करेंगे, हमारे लिए हर पार्षद बराबर।

**सवाल** - भाजपा को अंगूठा दिखाने वाला सभापति, मुश्किल नहीं है ?

**जवाब** - सब पार्षद साथ हैं, कोई दिक्कत नहीं होगी।

**सवाल**- कोई सपना कोरबा के संदर्भ में ?

**जवाब** - मोदी जी का सपना रहा है देश स्वच्छ और सुंदर रहे, यही इच्छा है कोरबा स्वच्छ और सुंदर हो।

# सलमान बोले- जितनी उम्र लिखी है, उतनी ही है

## धमकियों पर फिल्म स्टार ने पहली बार तोड़ी चुप्पी

**मुंबई।** मुंबई में अपनी आने वाली फिल्म 'सिकंदर' के प्रेस कॉन्फ्रेंस में पहुंचे सलमान खान ने अपने जीवन की एक नई समस्या के बारे में बताया। जब पत्रकारों ने उनसे लगातार मिल रही धमकियों और जान से मारने की कोशिशों को लेकर सवाल किया, तब सलमान ने जवाब में कहा, 'भगवान, अल्लाह सब उन्हीं पर निर्भर है। जितनी उम्र लिखी है, उतनी ही मानी जाएगी। बस, यही है।' बातों ही बातों में सलमान ने यह भी कहा, 'इतने सारे बॉडीगार्ड्स के साथ हर वक्त चलना



असहज लगता है। थोड़ा अजीब भी लगता है। लेकिन क्या करूं, मजबूरी है। हमेशा इसी तरह रहना पड़ता है। जब मैं मीडिया के साथ होता हूं, तब अच्छा लगता है। लेकिन जब मैं अकेला होता हूं, तो सहज महसूस नहीं कर पाता। मेरा रूटीन बस इतना है—मुंबई के अपने गैलेक्सी अपार्टमेंट से शूटिंग लोकेशन, और फिर वहीं से वापस गैलेक्सी अपार्टमेंट। कोई बदलाव नहीं, कोई नयापन नहीं, कोई उत्साह नहीं। जिंदगी बहुत एकरस हो गई है। मैं बेबस हूं।'



# ओटीटी पर 28 को स्ट्रीम होगी 'देवा'

**मुंबई।** शाहिद कपूर और पूजा हेगड़े की फिल्म 'देवा'ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर आने वाली है। नेटफ्लिक्स इंडिया ने फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, 'भसड़ मचा, ट्रिगर चला... देवा आ रहा है।' फिल्म 28 मार्च से ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। 31 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई फिल्म 'देवा' में शाहिद के साथ पूजा प्रवेश राणा, मनीष वाधवा, गिरीश कुलकर्णी, गौरव मोरे और प्रवीण पाटिल अहम भूमिकाओं में नजर आए थे। रोशन एंड्रयूज द्वारा निर्देशित यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई खास कमाल नहीं दिखा पाई थी।

## लाइफ Style

# नुसरत
## अवॉर्ड शो में होती है मौज-मस्ती

एजेंसी ⏭ मुंबई

नुसरत भरुचा की फिल्म 'छोरी 2' का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ है। फिल्म में वो एक बार फिर से सभी को डराती नजर आ रही हैं। बीते दिनों जयपुर में हुए 25वें आईफा अवॉर्ड्स 2025 में नुसरत ने इस फिल्म को लेकर अपडेट दी थी। फिल्म के अलावा उन्होंने और भी कई दिलचस्प बातें शेयर कीं।

सबसे पहले नुसरत ने आईफा अवॉर्ड में शामिल होने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि जब किसी फिल्म को सिनेमाघरों में 25 हफ्ते पूरे हो जाते हैं तो हम सिल्वर जुल्बी मानते हैं, आईफा को तो 25 साल हो गए हैं। यह बहुत बड़ी बात है। यह एक मील का पत्थर है और मुझे खुशी है कि मैं आईफा का हिस्सा हूं। नुसरत से अवॉर्ड शो के दौरान अन्य सितारों से मुलाकात करने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'आप लोगों को लगता है कि हम लोग अपने को-स्टार से बैक स्टेज मिलते हैं, लेकिन ऐसा है नहीं, क्योंकि जब तक हम जाते हैं, वो कहीं और चले जाते हैं। हां, यहां काम का प्रेशर नहीं होता है और हम खुलकर एंजॉय करते हैं। यहां थोड़ी मौज-मस्ती और मजाक होते हैं तो यहां आकर काफी मजा आता है।' जब नुसरत से उनके कॅरियर के दौरान उनका ड्रीम रोल निभाने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मेरा जो ड्रीम रोल था वो मैं कर चुकी हूं और वो 'छोरी' है। मैं अपना ड्रीम रोल दो बार निभा चुकी हूं, एक छोरी में और दूसरा 'छोरी 2' में। इसके साथ नुसरत ने फिल्म के जोनर पर भी बात की। उन्होंने कहा कि यह प्योर हॉरर फिल्म है, इसमें कॉमेडी का तड़का नहीं है। हां समाज के लिए एक जरूरी संदेश है।




## हॉलीवुड मसाला

# 'डूम्सडे' की शुरू हुई शूटिंग




**लॉस एंजिल्स।** मार्वल स्टूडियो ने बीते बुधवार को जानकारी दी कि 'एवेंजर्सः डूम्सडे' फिल्म का निर्माण शुरू हो गया है। इसके साथ ही निर्माता ने कलाकारों के नाम का भी खुलासा किया, जिसमें उन्होंने बताया कि एमसीयू के कई दिग्गज कलाकार इसमें वापसी कर रहे हैं। इस नए भाग में कैप्टन अमेरिका, बकी बार्न्स, एंट मैन और लोकी के रूप में सभी एवेंजर्स इस भाग में वापस आ गए हैं। हालांकि, आयरन मैन इसमें नहीं नजर आएंगे।




# पति की सच्चाई जान टूट गई थीं मारिया

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकन पत्रकार और लेखिका मारिया श्राइवर ने हाल ही में अपने उस वक्त को याद किया जब वो अपने पति अर्नोल्ड श्वार्जनेगर का अपनी नौकरानी से अफेयर का पता चलने के बाद टूट गई थीं। अपनी पुस्तक 'आई एम मारिया' में उन्होंने खुलासा किया कि अपने पति अर्नोल्ड के अफेयर के बारे में जानकर वह फूट-फूटकर रो पड़ी थीं। मारिया और अर्नोल्ड के चार बच्चे हैं, जिनके नाम कैथरीन श्वार्जनेगर प्रैट, क्रिस्टीना श्वार्जनेगर, पैट्रिक श्वार्जनेगर और क्रिस्टोफर श्वार्जनेगर हैं। मारिया ने अपनी किताब के एक अंश में लिखा है, 'जब मैं होटल के कमरे में फर्श पर अंधेरे में अकेले बैठी थी, मेरे चेहरे पर आंसू बह रहे थे।



# रातों-रात बदल सकती थी जिंदगी...

**मुंबई।** अभिनेता सैफ अली खान पर इस साल जनवरी में उनके घर पर चाकू से हमला हो गया था, जिसमें अभिनेता घायल हो गए थे। हालांकि, तुरंत इलाज मिल जाने से अभिनेता अब पूरी तरह से ठीक होकर काम पर वापस भी लौट चुके हैं। अब इस घटना के लगभग 2 महीने के बाद सैफ की बेटी और अभिनेत्री सारा अली खान ने इस मामले पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। सारा ने कहा कि इस घटना ने उन्हें एहसास कराया कि अगर चीजें गलत हो जातीं तो उनकी जिंदगी एक रात में कितनी बदल सकती थी। सारा ने इस घटना को लेकर ईश्वर का शुक्रिया अदा करते हुए कहा, 'इससे आपको एहसास होता है कि असल में क्या मायने रखता है। पूरा परिवार सिर्फ कृतज्ञता और शुक्रिया अदा करता है, वर्ना बहुत कुछ गलत हो सकता था। मैं बहुत आभारी हूं कि सब कुछ ठीक है।




# 'ग्राउंट जीरो' का पहला पोस्टर जारी...

**मुंबई।** बॉलीवुड में अपनी अलग पहचान रखने वाले मशहूर एक्टर इमरान हाशमी अपनी आने वाली फिल्म में एक बीएसएफ कमांडर का किरदार निभाएंगे। फिल्म का नाम 'ग्राउंट जीरो' है। एक्सेल एंटरटेनमेंट ने जब से फिल्म 'ग्राउंड जीरो' का एलान किया है तब से ही फिल्म ने दर्शकों का ध्यान खींचा है। यह फिल्म देश के लिए बलिदान और राष्ट्र की रक्षा करने वालों पर आधारित होगी। इसमें इमरान हाशमी को पीछे की तरफ से दिखाया गया है। इमरान हाश ने टी-शर्ट पहनी हुई है और हाथ में बंदूक ले रखी है। पोस्टर में इमरान हाशमी काफी जोशीले नजर आ रहे हैं। पोस्टर के कैप्शन में लिखा है 'एक मिशन की अनकही कहानी जिसने कश्मीर को हमेशा के लिए बदल दिया।' ये फिल्म 25 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## टीवी मसाला



# 'सीता मैया' का होने जा रहा छोटे परदे पर नया अवतार

**नई दिल्ली।** दूरदर्श पर रामानंद सागर की 'रामायण'में सीता का किरदार निभाकर देश-दुनिया में मशहूर हुईं दीपिका चिखलिया इन दिनों छोटे परदे पर फिर से सक्रिय हैं। हाल ही में धारावाहिक 'धरतीपुत्र नंदिनी' में दिखी दीपिका की धमाकेदार एंट्री अब धारावाहिक 'बड़ी हवेली की छोटी ठकुराइन' में गुरु मां के रूप में होने जा रही है। दीपिका अपने इस किरदार को लेकर खासी उत्साहित भी हैं। और, दीपिका से ज्यादा उत्साहित इस धारावाहिक की हीरोइन दीक्षा धामी हैं। पता चला है कि धारावाहिक 'बड़ी हवेली की छोटी ठकुराइन' अब एक बड़े और अनोखे बदलाव की ओर बढ़ रहा है। शो के हालिया ट्रैक में फिलहाल चैना के हालात और मुश्किल होते नज़र आ रहे हैं। वहीं, चमकीली अपनी चालाकी से परिवार को चैना के खिलाफ करने में सफल होती दिखाई देती है। लेकिन, कहानी में एक बड़ा मोड़ तब आएगा, जब गुरु मां के रूप में एक दैवीय शक्ति प्रकट होगी। चैना का किरदार निभा रही दीक्षा धामी बताती हैं, हम सभी अपने माता-पिता से सीता मैया के रूप में दीपिका जी को मिले सम्मान की बातें सुनकर बड़े हुए हैं। जब मैंने अपनी माँ को बताया कि मैं दीपिका जी के साथ काम करने वाली हूं तो वह खुशी से झूम उठीं और बोलीं कि अब मेरा हीरोइन बनना सफल रहा। पूरे मोहल्ले में उन्होंने इसका ढोल पीट दिया है। दीपिका जी इतनी बड़ी कलाकार होने के बावजूद बहुत विनम्र और सरल हैं। उनके साथ काम करना मेरे लिए बहुत ही सुन्दर अनुभव है और मुझे उनसे हर दिन कुछ न कुछ सीखने को मिलता है।

## सिद्धार्थ की एंट्री से खुलेगा अर्शी का कौन सा राज? क्या करेंगे अनिरुद्ध और झनक?

**नई दिल्ली।** स्टार प्लस के सीरियल झनक में हर रोज नए ट्विस्ट और टर्न आते रहते हैं। अब शो में एक और नया ट्विस्ट आनेवाला है। शो में नए किरदार की एंट्री से अर्शी, अनिरुद्ध, झनक के जीवन में बड़ा बदलाव आनेवाला है। कुछ रिपोर्ट्स का दावा है कि सिद्धार्थ की एंट्री से अर्शी के जीवन का बड़ा सच सामने आएगा। वहीं, झनक के जीवन में मुसीबत खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। जल्द ही झनक की कोर्ट में पेशी होगी और उसे वहां से राहत नहीं मिलेगी। कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि झनक को जेल जाता देख अनिरुद्ध झनक की बात मान लेगा और बच्चे का डीएनए कराने को तैयार हो जाएगा। बच्चे के डीएनए से एक हैरान करने वाला खुलासा होगा। रिपोर्ट्स की मानें तो डीएनए में अर्शी के मां होने की बात होने की बात तो सामने आएगी, लेकिन बच्चे का पिता कोई है।



# जब इतनी गंदी पिक्चर बनेंगी तो फ्लॉप तो होंगी



**मुंबई।** सलमान खान बिना घुमाकर सीधी बात बोलते हैं। उनकी फिल्म सिकंदर 30 मार्च को रिलीज हो रही है। इस बीच वह मीडिया से बातचीत कर रहे हैं। बॉलीवुड में फिल्में क्यों नहीं चल पा रहीं, इस पर सलमान ने एक कड़वा सच भी बोला। सलमान ने कहा कि जो फिल्म नहीं चल रही इसका मतलब वो बुरी है। सलमान खान से जब बॉलीवुड के खराब फेज के बारे में पूछा गया तो बोले, 'जब इतनी गंदी पिक्चर बनेंगी तो फ्लॉप तो होंगी। जब बनती ही गंदी फिल्में हैं। इसमें मेरी भी शामिल हैं। अगर नहीं चली है तो इसका मतलब है कि ये बुरी फिल्म है। अगर चली तो अच्छी है।' सलमान ने फिल्म न चलने की जिम्मेदारी खुद भी ली। वह बोले, 'थिएटर में स्टार ही पोस्टर पर दिखता है। अगर फिल्म नहीं चलती तो उस पर भी ब्लेम आना चाहिए।' सलमान ने अपनी राय रखी कि फिल्में क्यों नहीं चल रही। वह बोले, राइटर अपने लिए फिल्म लिख रहे हैं। उनकी प्रतिस्पर्धा डायरेक्टर से है। एक प्रोड्यूसर दूसरे प्रोड्यूसर से। हर कोई दूसरे को ये दिखाना चाहता है कि फिल्म कैसे बनाई जाती है। आपको फिल्में दर्शकों के लिए बनानी हैं। ऐसे फिल्म बनानी है कि आप पहली रो में बैठकर फिल्म एंजॉय कर रहे हो।

# पहाड़ी कौए जैसी आवाज का क्या करूंगा, जब सुनील दत्त ने अमिताभ बच्चन को बनाया गूंगा

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन को उनकी भारी आवाज की वजह से ऑल इंडिया रेडियो से रिजेक्ट किया जा चुका है। यह बात ज्यादातर सिनेप्रेमी जानते हैं। सुनील दत्त ने भी जब बिग बी की आवाज सुनी थी तो उन्हें पसंद नहीं आई थी। इस वजह से उन्होंने अमिताभ बच्चन को अपनी फिल्म में कास्ट किया, लेकिन गूंगे का रोल दिया था। सुनील दत्त ने अमिताभ की आवाज को 'पहाड़ी कौए' जैसा भी बताया था।

### हीरो पसंद था पर नहीं जमी आवाज

एक्ट्रेस शीबा अग्रवाल के पति आकाशदीप सबीर ने बताया, 'जब मेरे पिता (मनमोहन सबीर फिल्म सात हिंदुस्तानी बना रहे थे, तो सुनील दत्त ने कुछ शो रील्स दिखाने को कहा। क्योंकि, उन्होंने एक इंट्रेस्टिंग एक्टर के बारे में सुना था। जिसे वह अपनी फिल्म रेशमा और शेरा में सेकंड हीरो के तौर पर कास्ट करना चाहते थे। 1972 में हमने उन्हें सात हिंदुस्तानी दिखाई। ट्रायल के बाद मेरे पिता और सुनील दत्त अजंता लॉबी में पी रहे थे। तब सुनील दत्त बोले, 'मनमोहन, ये लड़का दमदार है पर ये पहाड़ी कौए की आवाज का क्या करूंगा यार।' बाद में उन्होंने अमिताभ बच्चन को रेशमा और शेरा में कास्ट किया, जिसमें वह गूंगे बने थे। अमिताभ बच्चन के साथ ऐसा कौन करता है?'



### बिग बी को रिजेक्ट करने का पछतावा

एक्टर बनने से पहले अमिताभ बच्चन रेडियो प्रजेंटर बनना चाहते थे। उन्होंने ऑल इंडिया रेडियो में नौकरी पाने की कई कोशिशें की थीं। उस वक्त जानेमाने शो बिनाका गीतमाला को प्रजेंट करने वाले अमीन सयानी ने अमिताभ बच्चन को नौकरी नहीं दी थी। हालांकि, बाद में उन्होंने कहा था कि इस बात का पछतावा रहेगा।

## बॉलीवुड के लिए इनकी हत्या की खबर किसी सदमे से कम नहीं थी

# महज सात फिल्में करने वाली प्रिया राजवंश ने बॉलीवुड पर छोड़ी गहरी छाप

***नई दिल्ली।*** *हिंदी सिनेमा में कुछ कलाकार ऐसे भी हुए, जिन्होंने चुनिंदा फिल्में कीं, लेकिन अपनी अदाकारी से दर्शकों का दिल जीत लिया। ऐसी ही एक अदाकारा थीं प्रिया राजवंश। 60 के दशक में अपना फिल्मी करियर शुरू करने वाली इस अभिनेत्री ने महज सात ही फिल्मों में काम किया। फिल्मी गलियारों में प्रिया राजवंश की अदाकारी की खूब चर्चा रही, लेकिन एक दिन इनकी हत्या की खबर मिली। बॉलीवुड के लिए यह खबर किसी सदमे से कम नहीं थी। 27 मार्च को अभिनेत्री प्रिया राजवंश की पुण्यतिथि थी।*



### ऐसे शुरू हुआ फिल्मों का सफर

प्रिया राजवंश 22 साल की रही होंगी जब लंदन में पढ़ाई कर रही थीं, इस दौरान एक फोटोग्राफर ने उनकी फोटो खींच ली। यह तस्वीर किसी तरह से हिंदी फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े फिल्म मेकर्स तक पहुंचीं। एक फिल्ममेकर ने प्रिया की तस्वीर चेतन आनंद को दिखाई। एक ही नजर में प्रिया राजवंश, चेतन आनंद को पसंद आ गईं। चेतन ने अपनी फिल्म 'हकीकत (1964)' में प्रिया राजवंश को साइन कर लिया। यह फिल्म बहुत बड़ी हिट साबित हुई और प्रिया राजवंश भी रातों-रात बॉलीवुड में मशहूर हो गईं।

### प्रिया राजवंश की हत्या

प्रिया राजवंश और चेतन आनंद एक खुशहाल जीवन साथ में जी रहे थे। अचानक चेतन का निधन (1997) हो गया। चेतन ने अपनी प्रॉपर्टी का एक बड़ा हिस्सा प्रिया के नाम किया था, साथ ही पहली शादी से हुए दो बेटों को भी संपत्ति में हक दिया। कहा जाता है कि यही बात आगे चलकर प्रिया राजवंश की हत्या का कारण बनीं। 27 मार्च 2000 को खबर मिली कि प्रिया राजवंश की उनके घर में हत्या हो गई है। हत्या के आरोप में चेतन आनंद के दोनों बेटों केतन और विवेक आनंद को गिरफ्तार किया गया। इस केस में चेतन के बेटों को सजा भी हुई, लेकिन साल 2011 में इन्हें जमानत मिल गई।

### प्रेम में डूब गए चेतन-प्रिया

धीरे-धीरे चेतन और प्रिया का रिश्ता भी निर्देशक और कलाकार का नहीं रहा। ये दोनों एक-दूसरे से प्रेम करने लगे थे। प्रिया राजवंश के लिए चेतन अपनी पहली पत्नी से भी अलग हो चुके थे। प्रिया राजवंश और चेतन आनंद साथ भी रहने लगे।

### चेतन आनंद के साथ की फिल्में

आगे चलकर जितनी भी फिल्में प्रिया राजवंश ने कीं, वह सभी चेतन आनंद ने ही निर्देशित की थीं। इन फिल्मों में अभिनय करने के अलावा फिल्ममेकिंग से जुड़े काम भी वह देखने लगीं। चेतन की बनाई फिल्म 'हीर रांझा'ने तो प्रिया को बॉलीवुड की एक बड़ी अभिनेत्री बना दिया।